**Need to provide Special Package for Buddhist pilgrimage site in Kashganj, Uttar Pradesh**

श्री देवेश शाक्य **(एटा) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं।

महोदय, मेरे क्षेत्र एटा, कासगंज के एटा जनपद में बौद्ध तीर्थ स्थल अतरंजीखेड़ा है, जहां पर हर वर्ष हजारों बौद्ध अनुयायी आते हैं। यह एक पर्यटन स्थल भी है। इसके साथ-साथ मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र से सटा हुआ तीर्थ स्थल एवं पर्यटन स्थल संकिसा है, जो कि फर्रुखाबाद जिले में आता है। यहां भी हर वर्ष लाखों बौद्ध अनुयायी आते हैं। यहां पर कई देशों ने अपने-अपने बौद्ध मन्दिर बना रखे हैं।

महोदय, आपके माध्यम से मेरा पर्यटन मंत्री जी से विशेष आग्रह है कि अतरंजीखेड़ा और संकिसा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दोनों ही बौद्ध तीर्थस्थलों के सौन्दर्यीकरण पर ध्यान दिया जाए। अतरंजीखेड़ा में एक विश्राम गृह देने के साथ-साथ संकिसा विश्राम गृह का जीर्णोद्धार कराने की मांग करता हूं।

महोदय, इसके साथ-साथ मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र में कासगंज जनपद में सोरों शूकर क्षेत्र है, जो कि एक बहुत बड़ा तीर्थ स्थल है। यहां पर मध्य प्रदेश और राजस्थान से हजारों-लाखों लोग आते हैं। यह स्थान उनकी आस्था से जुड़ा हुआ स्थान है। मैं आपके माध्यम से पर्यटन मंत्री जी से मांग करता हूं कि यहां के सौन्दर्यीकरण के लिए कुछ अच्छा पैकेज दिया जाए, जिससे यहां लोगों को सुगमता हो।

माननीय सभापति **:** श्री अजय भट्ट जी।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री ई. टी. मोहमद बशीर।